जूनियर नेशनल घुडसवारी चैम्पियनशिप 2024, 61कैवलरी दिल्ली
खेल अकादमी के घुड़सवारी खिलाड़ियों ने जीते 06 पदक
खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई

भोपाल 5.12.2024

दिनांक 03 से 5 दिसम्बर 2024 तक जूनियर नेशनल घुड़सवारी चैम्पियनशिप 2024 क्रॉस कन्ट्री इवेन्टिंग का अयोजन आर्मी पोलो एवं राइडिंग सेंटर 61 कैवलरी दिल्ली में किया गया। प्रतियोगिता में खेल अकादमी के जूनियर एवं सब जूनियर खिलाड़ियों ने अपने घुडसवारी खेल का शानदार प्रदर्शन कर क्रॉस कन्ट्री इवेन्टिंग में 03 स्वर्ण, 01 रजत और 02 कांस्य सहित कुल 06 पदक अर्जित किये।

दिल्ली में आयोजित इस घुड़सवारी प्रतियोगिता में सब जूनियर कैटेगरी में जयवंत नावले व दिविराज राठौड ने 01–01 कांस्य पदक प्राप्त किया। वही जूनियर केटेगरी में अर्जुन मलैया ने अपने घोड़े लॅक पर सवार होकर व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक, मो. हम्जा अकील हार्लिकेन घोड़े पर सवारी कर रजत प्राप्त किया।

इसी प्रतियोगिता के यूथ क्लास कैटेगरी में राजू सिह ने घुडसवारी का शानदार प्रदर्शन कर व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक और टीम स्पर्धा में राजू सिंह एवं मोक्ष पटेल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण पूर्व खेल मंत्री म.प्र. मान. यशोधराराजे सिंधिया और रोशन सोढी फाउण्डर मेम्बर आर्मी पोलो राइडर क्लब ने किया।

पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम –

1 जयवंत नावले – 01 कांस्य व्यक्तिगत सब जूनियर कैटेगरी

2. दिविराज राठोड – 01 कांस्य व्यक्तिगत सब जूनियर कैटेगरी

3. अर्जुन मलैया – 01 स्वर्ण व्यक्तिगत जूनियर केटेगरी

4. मो. हम्जा अकिल – 01 रजत व्यक्तिगत जूनियर केटेगरी

5 राजू सिंह – 01 स्वर्ण व्यक्तिगत यूथ क्लास कैटेगरी

5 राजू सिह व मोक्ष पटेल – 01 स्वर्ण टीम इवेंट यूथ क्लास कैटेगरी

प्रदेश के खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल अकादमी के पदक विजेता खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये अपनी बधाई एवं भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाऐं दी है।

44वीं जूनियर और 7वी इंटर स्टेट नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप 2024 पुणे में खेल अकादमी के रोइंग खिलाड़ियों ने जीते कुल 8 पदक
खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई

भोपाल 5.12.2024

दिनांक 30 नवम्बर से 6 दिसम्बर 2024 44वीं जूनियर और 7वी इंटर स्टेट नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप 2024 का अयोजन आर्मी रोइंग नोड पुणे (महाराष्ट्रा) में किया गया। प्रतियोगिता में खेल अकादमी के रोइंग खिलाड़ियों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन कर 03 स्वर्ण, 02 रजत और 03 कांस्य सहित कुल 08 पदक अर्जित किये।

पुणे में आयोजित रोइंग चैम्पियनशिप में खेल अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा अर्जित पदकों की जानकारी इस प्रकार है :–

- 44वीं जूनियर रोइंग नेशनल चैम्पियनशिप 2024 – (01 स्वर्ण, 2 रजत और 03 कांस्य सहित 06 पदक)

इवेन्ट	खिलाड़ी का नाम	अर्जित पदक
coxless pairs	कु. जिज्ञाषा रेगर	स्वर्ण
	कु. स्नेहा काम्बले	
Singal sculls	संतोष यादव	रजत
Double sculls	हरिओम ठाकुर	रजत
	अरूण दांगी	
Singal sculls	तनिश खोखर	कांस्य
coxless four	कु. पूनम जयसवाल	कांस्य
	कु. अंकिता उईके	
	कु. बबली लवारिया	
	कु. प्रियंका चहल	
coxless pairs	देवराज रावत	कांस्य
	ह प्रिताप जाट	

- इन्टर स्टेट नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप 2024 – (02 स्वर्ण पदक)

इवेन्ट	खिलाड़ी का नाम	अर्जित पदक
Double sculls	वेदांश टेहरिया	स्वर्ण
	अरविंद गुर्जर	
coxless four	धीरज वर्मा	स्वर्ण
	गोपाला वर्मा	
	बंटी सेंधव	
	हर्ष तोमर	

प्रदेश के खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल अकादमी के पदक विजेता खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये अपनी बधाई एवं भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाऐं दी है। सभी खिलाड़ी रोइंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक श्री दलबीर सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत है।

// प्रेस विज्ञप्ति//

जूनियर एशिया कप 2024 मस्कट ओमान में
म.प्र. राज्य महिला हॉकी अकादमी की खिलाड़ी कु. ज्योति सिंह कु. अदिति स्लैमा, कु.सोनम और
प्रशिक्षक सुश्री नेहा रावत भारतीय दल में चयनित
खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी शुभकामनाऐं

दिनांक 05.12.2024

दिनांक 07 से 15 दिसम्बर 2024 तक जूनियर एशिया कप 2024 का आयोजन मस्कट ओमान में किया जा रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में म.प्र. राज्य खेल अकादमी की महिला खिलाड़ियों कु. ज्योति सिंह, कु. अदिति स्लैमा और कु. सोनम का चयन भारतीय जूनियर हॉकी टीम में किया गया है। साथ भारतीय जूनियर हॉकी महिला टीम में सहायक प्रशिक्षक के लिए राज्य महिला अकादमी के हॉकी प्रशिक्षक का चयन किया गया है।

मास्कट ओमान में आयोजित इस चैम्पियनशिप में भारतीय जूनियर हॉकी टीम में कु. ज्योति सिंह टीम की केप्टन, कु. अदिति स्लैमा गोलकीपर, कु. सोनम, फारवर्ड (अतिरिक्त खिलाड़ी) और सुश्री नेहा रावत टीम की सहायक प्रशिक्षक के लिए चयनित की गई है। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ियों का चयन एफ.आई.एच. हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के लिए पात्र होंगें।

प्रदेश के खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने म.प्र. राज्य महिला हॉकी अकादमी की सभी चयनित खिलाड़ियों और प्रशिक्षक को शुभकामनाऐं देते हुये कहां कि इन खिलाड़ियों की मेहनत और अथक खेल प्रदर्शन का ही परिणाम है जो आज देश जूनियर भारतीय टीम में चयनित होकर देश का प्रतिनिधित्व कर रही है।

उक्त प्रतियोगिता में देश भर की 10 टीमें प्रतिभागिता कर रही है जिन्हें पूल ए और पूल बी में रखा गया है। पूल ए में भारत, चीन, मलेशिया, थाईलेण्ड और बांग्लादेश पूल बी में साउथ कोरिया, जापान, चायनीज ताईपे हांगकांग चायन और श्रीलंका की टीम शामिल है।

———————